प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

14.06.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09:20 बजे

भाजपा टिकट

प्रदेश में तीन विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव के लिए भाजपा ने अपने उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं। तीन पूर्व निर्दलीय विधायकों को भाजपा ने अपना प्रत्याशी बनाया है। देहरा विधानसभा क्षेत्र से होशियार सिंह, नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र से के.एल. ठाकुर और हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र से आशीष शर्मा को टिकट दिया गया है। उल्लेखनीय है कि ये तीनों डेढ़ वर्ष पहले विधानसभा के लिए बतौर निर्दलीय चुने गए थे। इसी साल 22 मार्च को विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा देने के बाद ये तीनों भाजपा में शामिल हुए थे।

इस बीच निर्वाचन विभाग द्वारा विधानसभा उप–चुनाव के लिए अधिसूचना आज जारी की जाएगी। नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 21 जून है और 24 जून को नामांकन पत्रों की जांच होगी। नामांकन पत्र वापस लेने की अंतिम तिथि 26 जून है। मतदान 10 जुलाई को होगा और मतगणना 13 जुलाई को होगी।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि ऊना जिले के हरोली विधानसभा क्षेत्र में बल्क ड्रग पार्क में राज्य सरकार रणनीतिक साझेदार बनेगी। परियोजना की प्रगति की समीक्षा के लिए शिमला में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में ये जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इसका कार्य समयबद्ध पूर्ण करने के लिए भारत सरकार की सहायता के अलावा अतिरिक्त धनराशि भी उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि 1 हजार 9 सौ 23 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत की यह परियोजना 5 सौ 70 हेक्टेयर भूमि पर स्थापित होगी। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि राज्य सरकार 10 वर्षों तक परियोजना की परिचालन लागत वहन करेगी।

मॉकड्रिल

प्रदेश के सभी ज़िलों में आज मॉकड्रिल का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने बताया कि आपदा के समय विभिन्न घटनाओं से निपटने के लिए मानक संचालन प्रक्रिया तैयार करने के अलावा मॉकड्रिल के समय धरातल पर सभी विभागों में पूरी तरह समन्वय होना ज़रूरी है।

मुख्य सचिव ने कहा कि मॉकड्रिल के माध्यम से ज़मीनी स्तर पर त्वरित प्रक्रिया के बारे में वास्तविक स्थिति का पता चल सकेगा। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के पर्यवेक्षकों और सलाहकारों सहित सेना व आई.टी.बी.पी. के मार्गदर्शन में मॉकड्रिल का आयोजन हो रहा है।

निर्देश

केंद्र सरकार ने विशेष आवश्यकता वाले सभी बच्चों के लिए अनिवार्य शिक्षा का अधिकार और पीएम–पोषण के तहत मुफ्त पोषण संबंधी सहायता सुनिश्चित करने के लिए सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को एक दिशा–निर्देश जारी किया है। शिक्षा मंत्रालय ने कहा कि सरकारी या सरकारी सहायता प्राप्त विशेष स्कूलों में पढ़ने वाले विशेष आवश्यकता वाले सभी बच्चों को निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार प्रदान किया जाए। इनमें निःशुल्क वर्दी, पाठ्यपुस्तकें और प्रधानमंत्री पोषण योजना के अन्तर्गत मध्याह्न भोजन शामिल हैं।

मौसम

राजधानी शिमला समेत प्रदेश के अधिकांश भागों में आज मौसम आमतौर पर साफ है। हालांकि मौसम विभाग ने आज प्रदेश के कुछ भागों में बारिश की संभावना जताई है। वहीं अगले दो दिन प्रदेश के कुछ स्थानों में लू चलने का अलर्ट जारी किया गया है। कल प्रदेश के 10 स्थानों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक रिकार्ड किया गया। प्रदेश में 18 जून से पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से कई स्थानों में प्री मानसून की बारिश की संभावना व्यक्त की गई है।

एक नजर अखबारों की सुर्खियां पर.....

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है।

विधानसभा उपचुनाव पर अमर उजाला की सुर्खी है–भाजपा ने तीनों पूर्व निर्दलीय विधायकों पर खेला दांव। पंजाब केसरी के शब्द हैं–भाजपा ने तीनों निर्दलीय पूर्व विधायकों को थमाए टिकट–अब अपनों को मनाना होगा। हिमाचल दस्तक लिखता है–विधानसभा उपचुनाव में भी कैप्टन ढूंढ रही कांग्रेस–सीएम सुक्खू आज जा सकते हैं दिल्ली।

दिव्य हिमाचल ने खबर दी है–48 हजार महिलाओं को तीन महीने के मिले चार हजार 500 रूपये।

पंजाब केसरी ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के हवाले से लिखा है–बल्क ड्रग पार्क की 10 वर्ष तक परिचालन लागत वहन करेगी सरकार, जबकि दैनिक भास्कर का कहना है–बल्क ड्रग पार्क ऊना के निर्माण को अतिरिक्त राशि खर्च करेगी सरकार।

दैनिक जागरण की एक खबर है–लापता हैड कांस्टेबल का मामला उलझा, डीआईजी करेंगे जांच।

आपका फैसला की सुर्खी है–हिमाचल में सुप्रीम कोर्ट में दिल्ली को यमुना का पानी देने से किया इंकार। जबकि दिव्य हिमाचल के शब्द हैं–हिमाचल सरकार का यू–टर्न, दिल्ली को पानी देने से इंकार।

मौसम पर दैनिक भास्कर लिखता है–हमीरपुर के नेरी में पारा 44 डिग्री पार, अभी चार दिन गर्मी से राहत के आसार नहीं, लू का अलर्ट।